अग्नि दुर्घटना | भीषण आग ने लगभग 10 एकड़ से ज्यादा वन क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया

देवडोंगरी के जंगल में आग का तांडव

निवास, नवभारत। निवास-स्थित ग्राम देवडोंगरी के समीप जंगल में भीषण आग लग गई। इस अग्नितांडव ने देखते ही देखते लगभग 10 एकड़ से ज्यादा वन क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बेशकीमती वन संपदा को भारी नुकसान पहुँचा है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जंगल के ऊपर से गुजर रहा बिजली का तार अचानक टूटकर नीचे गिर गया। सूखी पत्तियों और सूखी घास ने तुरंत आग पकड़ ली, जिसने तेज हवाओं के चलते विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए निवास डायल 112 और दमकल वाहन तत्काल मौके पर पहुँचे।

वन विभाग की लापरवाही आई सामने

इस गंभीर घटना के दौरान वन विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। आग लगने की सूचना के बावजूद विभाग की टीम लंबे समय तक मौके से नदारद रही। विभाग की अनुपस्थिति में स्थानीय ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए दमकल कर्मियों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि तेज हवाओं के कारण आग की लपटें लगातार फैल रही हैं, जिससे बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में वन विभाग की इस बेरुखी को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

बिजली के तार से टकराई ट्रैक्टर-ट्राली में लगी आग, अनाज और पैरा जलकर राख

निवास। निवास थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम उमरिया में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। खेत से अनाज और पैरा (पशु चारा) लादकर जा रही एक ट्रैक्टर-ट्राली अचानक ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज बिजली की तारों की चपेट में आ गई। तारों के स्पर्श होते ही ट्राली में भीषण आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

चालक की सूझबूझ ने बचाई जान

हादसे के दौरान चालक ने गजब की फुर्ती और सूझबूझ का परिचय दिया। जैसे ही ट्राली में आग लगी और करंट फैलने का अंदेशा हुआ, चालक ने तुरंत ट्रैक्टर को ट्राली से अलग कर दिया। इस त्वरित निर्णय की वजह से ट्रैक्टर आग की चपेट में आने से बच गया और चालक को भी सुरक्षित निकाल लिया गया।

आर्थिक नुकसान, कोई जनहानि नहीं

आग इतनी भीषण थी कि ट्राली में रखा सारा अनाज और भारी मात्रा में पैरा धू-धू कर जलकर खाक हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया और तत्काल दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। गनीमत रही कि इस पूरी घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि किसान को भारी आर्थिक क्षति पहुँची है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से तारों की ऊँचाई दुरुस्त करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

दुर्व्यवहार और लचर व्यवस्था के खिलाफ फूटा आक्रोश

एसबीआई उदयपुर शाखा में कर्मचारियों की मनमानी से ग्रामीण परेशान

उदयपुर। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की उदयपुर शाखा में बैंक कर्मचारियों के अड़ियल रवैये और अव्यवस्थाओं के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस शाखा से आसपास के लगभग 20 गाँवों के ग्रामीण बैंकिंग कार्यों के लिए सीधे तौर पर जुड़े हैं, लेकिन बैंक में संतोषजनक सेवा न मिलने के कारण आमजन में गहरा असंतोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बैंक कर्मचारी उनसे सीधे मुँह बात नहीं करते और दुर्व्यवहार करते हैं। केवाईसी, खाता सुधार और पासबुक एंट्री जैसे छोटे कार्यों के लिए भी लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है या कई दिनों तक चक्कर काटने पड़ते हैं। विशेषकर महिलाओं और वृद्धजनों के साथ कर्मचारियों का व्यवहार असहयोगात्मक बना हुआ है। एटीएम सुविधा न होने के कारण भी नगद निकासी के लिए लोग परेशान हैं।

सुधार की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी इस संबंध में शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन बैंक प्रबंधन पर इसका कोई असर नहीं हुआ है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि शाखा की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार किया जाए, एटीएम की सुविधा शुरू की जाए और बैंक कर्मचारी विशेषकर बुजुर्गों और महिलाओं के प्रति अपना रवैया सहयोगात्मक रखें।

इनका कहना है

नया खाता खुलवाने के लिए आवेदन किया है, लेकिन कई दिनों से रोज चक्कर काटने पड़ रहे हैं। अब तक खाता नहीं खोला गया है।
जफर इकबाल (ग्रामीण)

लाड़ली बहना और अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए पासबुक एंट्री करवानी पड़ती है, जिसके लिए हमें यहाँ भटकना पड़ता है।
विसर्ती बाई (खाताधारक)

बैंक कर्मचारी संतोषजनक जवाब नहीं देते, जिससे हमें मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान होना पड़ता है।
सुकाली सिंह (खाताधारक)

सरस्वाही में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण

निवास। संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर ग्राम सरस्वाही में प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े, सरपंच ज्योति मार्को, जनपद उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी और वरिष्ठ नेता नरेंद्र चौकसे की उपस्थिति में हुआ। इससे पूर्व मेहरासिवनी से सरस्वाही तक युवाओं ने रैली निकालकर बाबा साहेब के जयकारे लगाए।

विधायक चैन सिंह वरकड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने शोषितों और वंचितों को मुख्यधारा में लाने का काम किया। उनकी मूर्ति की स्थापना उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प है। सरपंच ज्योति मरावी ने डॉ. अंबेडकर को महिला अधिकारों का सबसे बड़ा समर्थक बताया। वहीं, जनपद उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए ज्ञान ही एकमात्र हथियार है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं आकर्षण का केंद्र- प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित सांस्कृतिक समारोह में डिंडोरी के करंजिया से आई गुदुम डांस पार्टी की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही धनगांव-रमपुरी के नृतक दल द्वारा प्रस्तुत कर्मा और सेला नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन सचिव लक्ष्मण दास पिटानिया ने किया। देर शाम तक चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिन्होंने बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया मान

गौरव पटैल ने जिले की मेरिट में बनाई जगह

शासकीय संदीपनि विद्यालय अंजनियां के 12वीं विज्ञान संकाय के छात्र गौरव पटैल ने जिले की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान हासिल कर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। केवलारी निवासी गौरव पिता शरणगधार पटैल ने 500 में से 476 अंक प्राप्त कर 95.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और परिजनों के मार्गदर्शन को दिया है।

वंशिका पटैल बनीं कन्या शाला की टॉपर

वहीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंजनियां की 12वीं विज्ञान संकाय की छात्रा वंशिका पटैल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। अंजनियां निवासी वंशिका पिता संदीप पटैल ने 500 में से 458 अंक प्राप्त कर 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

10वीं में शैली रजक ने मारी बाजी

शासकीय संदीपनि विद्यालय की ही छात्रा शैली रजक ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का नाम रोशन किया है। शैली पिता कन्हैया लाल रजक ने 500 में से 471 अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। विद्यालय प्रबंधन ने शैली की उपलब्धि को अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया है। इन होनहार विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर अंजनियां क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन और समस्त क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की है।

घुघरी के उमेश पड़वार ने रचा इतिहास

शासकीय मॉडल उमा.विद्यालय घुघरी के छात्र उमेश पड़वार ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। ग्राम ओढारी (चुभावल) के निवासी उमेश ने अपनी मेधा और कड़ी मेहनत के दम पर 99 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की मेरिट लिस्ट में पांचवा स्थान हासिल किया है। इस गौरवमयी उपलब्धि के साथ ही उमेश ने जिले में प्रथम स्थान भी प्राप्त किया है। उमेश पड़वार, राजेन्द्र पड़वार के पुत्र हैं। विद्यालय के प्राचार्य रवि शंकर भारद्वाज ने उमेश की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्र के लिए बल्कि पूरे विद्यालय और जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि उमेश प्रारंभ से ही एक मेधावी और अनुशासित छात्र रहे हैं, और उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

निवास की श्रुति जायसवाल ने लहराया परचम

कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में सेंटेलॉयसिस स्कूल, निवास की छात्रा श्रुति ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में गौरवपूर्ण सफलता हासिल की है। श्रुति ने 500 में से कुल 480 अंक अर्जित किए हैं। उनकी इस सफलता की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने लगभग सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की है। श्रुति, शिव कुमार जायसवाल एवं श्रीमती श्वेता जायसवाल की सुपुत्री हैं। बेटी की इस उपलब्धि पर माता-पिता ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

बिछिया की कृतिका तिवारी ने पाया प्रथम स्थान

लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल की छात्रा कृतिका ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान हासिल किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही वह जिले की टॉपर भी बनी हैं। कृतिका तिवारी शेखर तिवारी एवं श्रीमती गरिमा तिवारी की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी इस गौरवमयी उपलब्धि का श्रेय अपनी निरंतर मेहनत, विद्यालय के शिक्षकों और कोचिंग क्लासेस के मार्गदर्शन को दिया है।

निवास के संभव जैन का प्रदेश में जलवा

सेंट एंजिल पब्लिक स्कूल रसलगंज, निवास के छात्र संभव ने कड़ी मेहनत के दम पर प्रदेश की सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है। संभव जैन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निवास के शिक्षक मुकेश जैन के पुत्र हैं। उनकी इस गौरवमयी उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और परिजनों में खुशी की लहर है।

पिंडरई के सारंग प्रजापति 10वीं में रहे अव्वल

नैनपुर। टैगोर शिशु निकेतन हाई स्कूल पिंडरई के छात्र सारंग प्रजापति ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की है। नीलू प्रजापति के पुत्र सारंग ने 500 में से 471 अंक प्राप्त कर 94.2 प्रतिशत स्कोर किया है। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय और प्रजापति परिवार का मान बढ़ाया है। सारंग ने अपनी इस बड़ी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और गुरुजनों के सही मार्गदर्शन को दिया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, परिजनों और क्षेत्रवासियों ने सारंग को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के मेधावी विद्यार्थियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के विद्यार्थियों ने अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय ने न केवल 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल किया है, बल्कि जिले की प्रावीण्य सूची में भी अपना परचम लहराया है।

आरना खरे ने जिले में बढ़ाया मान- विद्यालय की होनहार छात्रा आरना खरे ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि अपनी शानदार उपलब्धि से पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। सफलता के इसी क्रम में ख्याति अग्रवाल ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और पार्थ कुशवाहा ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा का लोहा मनवाया।

शैक्षणिक गुणवत्ता का उत्कृष्ट प्रमाण- परीक्षा परिणामों के आँकड़े विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाते हैं। विद्यालय के 30 प्रतिशत छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने में सफल रहे, वहीं 80 प्रतिशत छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यालय के समग्र विकास मॉडल, सुदृढ़ शैक्षणिक मार्गदर्शन और विशेषज्ञों द्वारा दिए जाने वाले इंडस्ट्री एक्सपोजर व करियर गाइडेंस को दिया जा रहा है।

कुशल प्रबंधन और समर्पित शिक्षक- इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे प्राचार्या डॉ. दिव्या शुक्ला का कुशल नेतृत्व और कोऑर्डिनेटर सोनिया जैन व राजुल सिंहानी का प्रभावी प्रबंधन रहा है। विद्यालय के शिक्षकों के अथक परिश्रम और व्यक्तिगत मार्गदर्शन ने प्रत्येक विद्यार्थी की सफलता सुनिश्चित की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण के प्रति आभार व्यक्त किया है और मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण
गृह मंत्रालय भारत सरकार सत्यमेव जयते

हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं

- क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0023/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027